तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार, 22 नवंबर 2025

02 आंबा की कार्यकर्ता एवं सहायिका की सेवा और...


04 मासिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय...




**खबर संक्षेप**



## बस स्टैंड से गांजा तस्कर गिरफ्तार

**मैनपुर।** मैनपुर पुलिस द्वारा एक सप्ताह के भीतर मैनपुर बस स्टैण्ड में गांजा तस्करी करने वाले दो अलग -अलग मामलों में तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अवैध गांजा, हीरा के साथ वन्य जीवों के तस्करी पर रोकथाम एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए समस्त थाना प्रभारियों को निर्देषित किया गया था। दिए गए निर्देष के परिपालन में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रतंर्गत मुखबिर एवं थाना पेट्रोलिंग को सक्रिय किया गया था। दिनांक 20 नवंबर को थाना प्रभारी मैनपुर को मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति बस स्टैण्ड मैनपुर के पास पीट्ठू बैग थाला में अवैध मादक पदार्थ रख कर ग्राहक का इंतजार करते खेडे है। जिसकी सूचना तस्दक पर थान से पुलिस टीम को रेड कार्रवाई के लिए मैनपुर बस स्टैण्ड भेजा गया। मुखबीर द्वारा बताये गये हुलिया के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदिग्ध व्यक्ति का नाम पता पुछने पर अपना नाम सिद्वेष्वर नायक पिता देवाकर नायक उम्र 37 साल निवासी अमपानी थाना अंबपानी जिला कालाहाण्डी उड़िसा का रहने वाला बताया। उक्त व्यक्ति के द्वाना अपने पीट्ठु बैग के अंदर 06 किलो 500 ग्राम अवैध मादक कीमती 3,25000 रू. को समक्ष गवाहन के शेष पेज 2 पर

**समस्या :** करलाझर, नागेश, साहेबिनकछार, अमाड़ क्षेत्र के लोगों ने मूलभूत समस्याओं को लेकर आंदोलन की दी चेतावनी

# सोलर पावर प्लांट खराब, ढीबरी लालटेन के भरोसे कट रहीं रातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड के दूरस्त वनांचल में बसे ग्राम करलाझर, नागेश, साहेबिनकछार, अमाड़, कोदोमाली के ग्रामीणों के लिए बिजली एक सपना बन गया है। शासन की विशेष पहल पर क्रेड़ा विभाग द्वारा यहां लगाए गए सोलर पावर प्लांट बेहद पुराना होने के कारण बैटरी और उपकरण खराब हो गए है जिसके कारण महज शाम को एक दो घंटे चलने के बाद पूरी रात आदिवासी क्षेत्र के ग्रामीणों को ढीबरी लाल टेन चिमनी के भरोसे जीवन यापन करना पड़ रहा है। क्रेड़ा विभाग से शिकायत करने पर विभाग द्वारा बजट नहीं होने की बात कहे जाती है और ग्रामीण जब मामले की शिकायत गरियाबंद एवं मैनपुर पहुंच कर अफसरों से करते है तो बिगड़े उपकरण को नाम मात्र सुधार कर ग्रामीणों से सहमति पत्र में हस्ताक्षर करवाकर विभाग अपना पल्ला झाड़ देते हैं। दो दिन चलने के बाद फिर समस्या ढाक के तीन पात वाली बनी रहती है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 38 किमी दूर देवभोग मुख्य मार्ग में ग्राम बम्हनीझोला से कच्ची सड़क मार्ग के सहारे ग्राम पंचायत साहेबिनकछार तक पहुंचा जाता है जो नेशनल हाईवे बम्हनीझोला से 18 किमी अंदर बसा हुआ है गांव तक पहुंचने के लिए छोटी बड़ी आधा दर्जन नदी नालो को पार करना पड़ता है किसी भी नदी- नाले में पुल -पुलिया का निर्माण नहीं किया गया है। बारिश के दिनों मे नदीं- नालों में बाढ़ आ जाने के कारण मरीजों को मैनपुर अस्पताल तक ले जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार समय पर ईलाज नहीं मिलने से लोगों की अकाल मृत्यु तक हो चुकी है। इस सड़क में कुछ नदी पर रपटा का निर्माण किया गया है। वह पर्याप्त नहीं है। इस वनांचल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा की बात ही छोड़ दिजिए इस क्षेत्र के आश्रित ग्राम करलाझर नागेश में उपस्वास्थ्य केन्द्र खोला गया है जबकि यह शेष पेज 2 पर





### एसडीएम के अश्वासन पर आंदोलन स्थगित

इस क्षेत्र के दर्जन भर ग्रामों के ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे में चक्का जाम की चेतावनी दिया था जिसके बाद प्रशासन हरकत में आई और तत्काल मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम बम्हनीझोला पहुंचकर ग्रामीणों की बैठक लिया और समस्या समाधान करने की बात कही है जिस पर ग्रामीणों ने 15 दिन के लिए आन्दोलन को स्थगित कर दिया है लेकिन समस्या समाधान की दिशा में कोई पहल नहीं होने की दिशा में ग्रामीण रूपरेखा तैयार कर है और गांव–गांव बैठक की दौर जारी है।




### समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास जारी

मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम ने बताया साहेबिनकछार क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के लिए शासन स्तर पर प्रयास जारी है। यहां के समस्याओं के समाधान के लिए सभी विभागों की बैठक कर दिशा निर्देश दिया गया है।

### साहेबिन कछार में बालिका आश्रम संचालित करने की मांग

साहेबिनकछार के पूर्व सरपंच रूपसिंह मरकाम, हरिहर यादव, कुशल मरकाम, खुलेश्वर मरकाम, भुतेश्वर नागेश, भरतो पोटी, उजल सिंह, मदन राम, देवानंद, नरेश कुमार, तोरण, वासुदेव, खामेश्वर ने बताया की ग्राम साहेबिनकछार में 2012 में आदिवासी बालिका आश्रम प्रारंभ किया गया था और चार वर्ष यहां संचालित हुआ बगैर ग्रामीणों को बताए। इस आश्रम को इंदागांव में संचालित किया जा रहा है जिससे इस दूरस्त वनांचल के क्षेत्र के बच्चों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है साथ ही अभी नया भवन आश्रम के लिए राशि स्वीकृत हुआ है उसे ग्रामीणों ने साहेबिनकछार में निर्माण करने की मांग की है। वहीं क्षेत्र के नागेश, कोदोमाली, साहेबिन कछार, अमाड़ में स्कूल भवन बेहद जर्जर हो गया है जान जोखिम में डालकर बच्चे पढ़ाई करने विवश हो रहे है।

# तर्रीघाट हाईस्कूल के शिक्षक पर छात्रों की पिटाई और छात्राओं पर अश्लील टिप्पणी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर/गरियाबंद

फिंगेश्वर विकासखंड के तर्रीघाट हाईस्कूल से शिक्षक की क्रूरता का मामला सामने आया है। विद्यालय में पदस्थ शिक्षक पर कक्षा 9वीं के छात्रों की बेरहमी से पिटाई करने और छात्राओं पर अश्लील टिप्पणी करने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप यह भी है कि एक छात्र पिटाई से बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा, जबकि कई छात्रों के शरीर पर डंडों से पिटाई के स्पष्ट निशान देखे जा सकते हैं। जानकारी के अनुसार फिंगेश्वर ब्लाक के ग्राम तरीघाट हाईस्कूल में पदस्थ शिक्षक लक्ष्मण तारक ने कक्षा 9वीं के कुछ छात्रों की बेरहमी से पिटाई कर दी।पीड़ित छात्रों ने बताया कि शिक्षक कई बार मामूली बातों पर डांट-फटकार से आगे बढ़कर सीधे डंडे से पिटाई कर देता है। कई बार छात्र डर के कारण आवाज नहीं उठा पाते थे, लेकिन इस बार पिटाई इतनी अधिक हो गई कि एक छात्र की हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। इसके बाद बच्चों ने पूरी घटना अपने पालकों को बताई। बीच बचाव करने आए एक छात्र की भी पिटाई कर दी गई। मामला सामने आते ही पालकों में भारी आक्रोश फैल गया।

■ कई छात्रों के शरीर पर डंडो के निशान दिखे



### शिक्षक को अंतिम चेतवानी दी गई

शुक्रवार को दर्जनों की संख्या में पालक स्कूल पहुंच गए और शिक्षक के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। पालकों ने कहा कि जिस व्यक्ति पर बच्चों को मार्गदर्शन देने की जिम्मेदारी होती है, वहीं यदि इस तरह का अमानवीय व्यवहार करे तो बच्चों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? उन्होंने कहा कि शिक्षक द्वारा पिटाई किये जाने के वक्त और भी शिक्षक वहाँ मौजूद थे लेकिन किसी ने उसे रोकने की कोशिश नहीं की। सबसे गंभीर बात यह है कि छात्राओं ने भी शिक्षक के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह अक्सर उन पर अश्लील टिप्पणी करता है। छात्राओं ने बार-बार यह व्यवहार झेला है। लेकिन भय के कारण खुलकर शिकायत नहीं कर पा रही थीं। पालकों के आक्रोश और शिक्षक पर कार्रवाही की मांग को देखते हुए ग्रामीणों और शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बताया जा रहा है शिक्षक को इस मामले में अंतिम चेतवानी देकर मामले को सुलझाया गया है। हालकिं हाई स्कूल तरीघाट में सामने आया यह मामला न केवल स्कूल प्रशासन, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए चिंता का विषय है। बच्चे और पालक लगातार सवाल उठा रहे हैं कि यदि स्कूल में ही बच्चे सुरक्षित नहीं, तो उनकी पढ़ाई और भविष्य दोनों खतरे में पड़ सकते हैं। शासन द्वारा मामले की सुधि लेकर शिक्षक की सुधि अवश्य ही लेनी चाहिए। कहीं शिक्षक मानसिक रोगी तो नहीं?

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व. श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व. श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्तें लागू*
1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥

अंतिम अरदास



सतवंत कौर भाटिया
(1954-2025)
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतवंत कौर भाटिया धर्मपत्नि स. महेन्द्र सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 19 नवंबर 2025 को हो गया है। आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 23 नवंबर 2025 दिन रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।

कीर्तन एवं अंतिम अरदास
23 नवंबर 2025 सुबह 11:30 से 01:00 बजे दोपहर
गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर छ.ग. (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)
(सुबह की बैठक 10:00 से 11:00 बजे गुरूनानक नगर गुरूद्वारा हॉल रायपुर)

शोकाकुल परिवार :-महेन्द्र सिंह भाटिया (पति)
अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया),
सतविंदर सिंह भाटिया (टिवकंल), जगदीप कौर भाटिया (रज्जी)
संदीप सिंह भाटिया-अवनीत कौर भाटिया (रैनी) (पुत्र-पुत्रवधु)
मंदीप सिंह भाटिया-रानी भाटिया (रायपुर), मनिंदर सिंह भाटिया-मीनी भाटिया (गोंदिया) (दामाद-पुत्री)
समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)
नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।
J.J.Ad

## खबर संक्षेप

### धान की कटाई मिंजाई का काम छोड़ केवाईसी अपडेट कराने बैंक के चक्कर काट रहे किसान

**मैनपुर।** धान की कटाई और मिंजाई के समय किसान जिला सहकारी बैंकों के चक्कर काटने मजबूर हैं जिले के जिला सहकारी बैंको में इन दिनों बैंक खाता ईकेवायसी अपडेट कराने किसानों की भीड़ लग रही है। ईकेवायसी नहीं होने की स्थिति में धान बेचने के बाद किसानों के खातों में राशि ट्रांसफर होने की समस्या आ सकती है गौरतलब है कि मैनपुर, देवभोग, गोहरापदर के जिला सहकारी बैंकों में इन दिनो ईकेवायसी कराने किसानों की भारी भीड़ देखी जा रही है समर्थन मूल्य पर धान बेचने के बाद किसानों के खाते में राशि आती है, जिन किसानों के बैंक खातों का ईकेवायसी अपडेट नहीं होगा उनको राशि ट्रांसफर के समय समस्या का सामना करना पड़ सकता है यही वजह है कि किसान इन दिनों खेत और खलिहान में धान की कटाई और मिंजाई का काम छोड़कर बैंक की कतार में नजर आ रहे है जो सहकारी बैंक के माध्यम से राशि जमा एवं आहरण करने का काम करते है, लेकिन दुसरी ओर खाता धारको को ईकेवायसी कराने के लिए काफी मशक्कत करनी पड जा रही है ईकेवायसी कराने के लिए बैंक खाता, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर सहित अन्य तरह का दस्तावेज आवश्यक रहता है इसके अलावा बैंक खातो में किसी भी तरह के फजएॅवाडे को रोकने के भी ईकेवायसी कराना आवश्यक हो गया है खास बात यह है कि किसान इन दिनों खेती किसानी के कार्य में व्यस्त हो गए है ऐसे में ईकेवायसी कराने के लिए किसानों को अपने खेतो का काम छोड़कर ईकेवायसी कराने के लिए बैंको का चक्कर लगाने की मजबूरी हो गई है समय रहते ईकेवायसी नही कराने की स्थिति में किसान धान बेचने के बाद जो राशि प्राप्त होती है उसे पाने के लिए बैंक का चक्कर लगाते नजर आएगें।

### पाखी ने जीता स्वर्ण पदक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की पाखी भट्ट ने देहरादून में 28वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में लॉन टेनिस की तीन श्रेणियों में तीन स्वर्ण पदक हासिल किये। पाखी भट्ट ने WII को सिंगल्स में 6-0 6-1, मिक्स डबल्स में महाराष्ट्र को 6-0 6-0 और महिला युगल में डब्ल्यूआईआई को 6-0 6-3 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया। इसके पहले 27वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में भी पाखी ने 3 गोल्ड अपने नाम किये थे। लगातार दूसरी बार गोल्ड हासिल कर पाखी ने छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है।

### पीएमश्री स्कूल में ड्रोन ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन

**बसना।** शंकराचार्य इंस्टीट्यूट की आईडीईए लैब द्वारा बसना के पीएमश्री गवर्नमेंट स्कूल और मॉडर्न पब्लिक स्कूल में ड्रोन टेक्नोलोजी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के छात्रों और टीचर्स को ड्रोन असेंबल करने और फ्लाई करने की ट्रेनिंग देने के साथ एयरोमॉडलिंग शो किया गया। ड्रोन और प्लेन को अपने सामने उड़ता देख स्टूडेंट्स रोमांचित हुए। शंकराचार्य इंस्टीट्यूट रायपुर की भारत सरकार द्वारा स्थापित एआईसीटीई आइडिया लैब का उद्देश्य स्टूडेंट्स में ड्रोन रोबोटिक्स पेटेंट रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देना है।

---

**कार्यक्रम : देवी मां रमईपाठ के प्रांगण में दो ब्लॉक में आंबा कार्यकर्ता एवं सहायिका सम्मान समारोह**

# आंबा की कार्यकर्ता एवं सहायिका की सेवा और समर्पण अभिनंदनीय : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माता रमईपाठ के प्रांगण में आयोजित गरियाबंद जिले के छुरा एवं फिंगेश्वर विकासखंड के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका सम्मान समारोह में विधायक रोहित साहू ने अपने उदबोधन की शुरूआत माता के जयकारे और जय श्रीराम के उदघोष से करते हुए कहा कि माता के इस मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को सम्मान समारोह के आयोजन से शांति और सुकुन का एहसास हो रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका होना सम्मान की बात है। विधायक श्री साहू ने कहा कि मां का दर्जा भगवान से भी ऊपर है जो आंगनबाड़ी के माताओं-बहनो को मिला हुआ है। मेरी ये बहने नींव मजबूत करने का काम करते है। शासन की एक-एक योजनाओं को न केवल घर-घर पहुंचाते है बल्कि बड़ी ईमानदारी से काम करते है। एक-एक घरो से जुड़ाव है आपका। बच्चों के जन्म से लेकर शादी विवाह तक हर योजना की जानकारी और सहयोगी की भूमिका आप बखूबी निभाते है। संस्कार देने का काम करती है। आने वाले पीढ़ी और भविष्य का निर्माण भी आप ही करती है। विधायक श्री साहू ने कहा कि हर जगह आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। भाजपा शासनकाल में महिला सशक्तिकरण के साथ महिलाओं का उत्थान भी हो रहा है। विधायक श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आवास की समस्या सबसे ज्यादा थी। गरीब के आवास की चिंता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। एकसाथ 26 लाख आवास स्वीकृत हुआ। मोदी की गारंटी को राज्य के विष्णुदेव साय सरकार की सुशासन वाली सरकार पूरा कर रही हैं। इससे हर गरीबो के चेहरे पे मुस्कान आ गया है। हर व्यक्ति को लाभ पहुंच रहा है।





#### हर माह महिलाओं के खाते में पैसा पहुंच रहा

विधायक श्री साहू ने कहा कि एक जमाना वह भी था जब किसी के घर में शौचालय नहीं था। माताओं को इससे काफी तकलीफो का सामना करना पड़ता था इसकी भी चिंता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। आज घर-घर शौचालय बना हुआ है। सबसे बड़ी चिंता भोजन की थी, इसे भी डॉ. रमन सिंह की सरकार ने दूर किया और हर घर में 35 किलो चांवल की व्यवस्था की। इन सभी बातो को याद रखना चाहिए कि हमारी चिंता किस सरकार ने की। कहा कि समाज के लिए, महिलाओं के लिए कौन काम कर रहा है? इसे भी याद रखना चाहिए। आज महतारी वंदन योजना के तहत हर महिलाओं के खाते में पैसा पहुंच रहा है। आपने गांव के बेटा, किसान के बेटा को विधायक बनाया है। हर सुख-दुख में आपका यह भाई रोहित साहू खड़ा रहेगा। आपके मान-सम्मान में कोई कमी नहीं होगी। विधायक रोहित साहू के उद्बोधन पर बड़ी संख्या में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के चेहरे से प्रसन्नता झलक रही थी। इनके मांग पर 20 लाख रूपए के लागत से छुरा ब्लॉक मुख्यालय एवं 20 लाख रूपए की लागत से फिंगेश्वर ब्लॉक मुख्यालय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भवन बनाने की घोषणा विधायक ने की। माता के प्रांगण में उपस्थित बड़ी संख्या में माताओं ने विधायक रोहित साहू का हृदय से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होने साफ-साफ कहा कि राजिम विधानसभा क्षेत्र के विकास और तरक्की के लिए रात और दिन एक करूंगा। आने वाली पीढ़ी इसे याद करेगी। विधायक श्री साहू ने सीएम विष्णुदेव साय के सुशासन के ढेर सारी जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाया भी।

#### ये रहे शामिल

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, फिंगेश्वर जनपद अध्यक्ष लुकेश्वरी-थानसिंह निषाद, छुरा जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, भाजपा नेता राजू साहू, फिंगेश्वर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जगदीश यादव, प्रदेश साहू संघ के वरिष्ठ नेता भुनेश्वर साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, आशीष शर्मा, मंजू हरित, चंद्रहास बरिहा, गरिमा ध्रुव, महिला एवं बालविकास के जिला अधिकारी अशोक पांडे, चंदूलाल साहू सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम में विधायक श्री साहू ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का सम्मान किया।

---

## लालसिंह मांझी के बलिदान की स्मृति में तानवट में आज होगा विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

अंग्रेजों के अत्याचार से पूरा इलाका कांप रहा था। पति लालसिंह मांझी अंग्रेजों की गिरफ्त में थे। घर-परिवार पर संकट छाया था, लेकिन लोईसिंघिन डरी नहीं। न रोईं, न छिपीं बल्कि दुश्मन की हुकूमत के सामने चट्टान की तरह खड़ी हो गईं। उन्होंने अपने इष्ट देव के सामने उपवास शुरू किया और अन्याय के खिलाफ यह प्रतिरोध इतना प्रचंड हुआ कि उन्होंने अपने प्राण त्याग दिए। यह त्याग किसी जौहर से कम नहीं जहां एक नारी ने अंग्रेजी सत्ता को बता दिया कि साहस केवल तलवार से नहीं, संकल्प से भी लड़ा जाता है। इसी अद्वितीय त्याग और लालसिंह मांझी के बलिदान की स्मृति में 22 नवंबर को तानवट गांव में विशेष कार्यक्रम और कलश यात्रा आयोजित की जा रही है। पराक्रमी लालसिंह मांझी जब अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष में उतरे, तब उनका विवाह हुए छह महीने से भी कम समय हुआ था। परंतु स्वतंत्रता की लड़ाई इतनी भीषण थी कि



पारिवारिक सुख की इस छोटी-सी अवधि को भी अंग्रेजी दमन ने निगल लिया। 6 व 8 नवंबर 1860 को अंग्रेजों ने लगातार दो बार लालसिंह मांझी के घर हमला किया, लेकिन हर बार उन्हें करारी हार मिली। अंततः दबाव डालकर खरियार के राजा कृष्णचंद्र देव से लालसिंह को समर्पण करवाया गया और 22 नवंबर 1860 को वे अपने राजा की आज्ञा का पालन करते हुए उनके दरबार में पहुंचे, जहां से राजा ने उन्हें अंग्रेजों के हवाले कर दिया। पति की गिरफ्तारी का समाचार मिलते ही लोईसिंघिन दाई ने कानाभैरा देव के समक्ष उपवास धारण कर लिया। यह विरोध का एक शांत लेकिन प्रचंड स्वर था। नारी शक्ति का यह अद्वितीय उदाहरण आज भी स्थानीय जनजातीय समाज में श्रद्धा के साथ याद किया जाता है। लालसिंह के बाद लोईसिंघिन का यह त्याग स्वतंत्रता आंदोलन के उन अध्यायों में दर्ज है, जो इतिहास की किताबों में बहुत पीछे छूट गए हैं, लेकिन जनमानस की स्मृति में आज भी जीवित हैं।

---

## महिलाओं की आत्मनिर्भरता से ही विकास एवं विकसित भारत का निर्माण संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय के बैनर तले, ग्राम सिर्रीकला विकासखंड फिंगेश्वर में सतत विकास के लिए युवा थीम पर सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर के छठवे दिन बौद्धिक परिचर्चा सत्र बालिकाओ और महिलाओं को समर्पित रहा। इस सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जिला गरियाबंद मितानिन प्रशिक्षक हीरमती साहू उपस्थित रहे। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण माना, आगे उन्होंने कहा कि मितानिन, सामुदायिक स्वास्थ्य स्वयंसेवक हैं जो मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ में ग्रामीण समुदायों में स्वास्थ्य और अन्य सामाजिक सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



मितानिन महिलाएं स्वास्थ्य प्रणाली में सुधार और सामाजिक जागरूकता फैलाने के लिए समुदाय की वकालत और सामाजिक बदलाव के एजेंट के रूप में काम कर रही हैं। ग्राम पंचायत सिर्रीकला के सरपंच खोमन ध्रुव ने अपने वक्तव्य में कहा कि मितानिन स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में पारिवारिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही हैं। इस बौद्धिक परिचर्चा में 07 ग्राम क्रमशः पोलकर्रा, सिर्रीकला, रोबा, गणेशपुर, भसेरा, पेंड्रा एवं दर्रीपार के 40 मितानिन बहनों ने महिला सशक्तिकरण पर अपना विशेष अनुभवों को साझा किया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने सात गांवों से आये मितानिनों एवं सभी ग्रामीण महिलाओं, बच्चियों एवं ग्रामवासियों के विशेष सहयोग के लिए आभार एवं सफल आयोजन धन्यवाद प्रेषित किया।

---

पेज 3 के शेष...

### बस स्टैंड से गांजा...

जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने से अरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी सिद्वेष्वर नायक के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर से समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### सोलर पावर प्लांट...

क्षेत्र काफी लंबा चौड़ा है। इसलिए यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मांग किया जा रहा है गंभीर स्थिति में समय पर ईलाज नहीं मिलने व नदी -नालों में बाढ़ के कारण अकाल मृत्यु के गाल में बेसमय ही ग्रामीण समा जाते है। यहां के ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधा ईलाज के लिए ओड़िसा जाने को मजबूर होते है। यहां जल जीवन मिशन के तहत टंकी का निर्माण किया गया है और कुछ घरो तक पानी पहुचं रहा है लेकिन लम्बे समय से ग्रामीण सभी घरो में पानी पहुंचाने की मांग कर रहे है विभाग ध्यान नही दे रहे है।

**समस्या का समाधान करेंगें-** साहेबिनकछार के पूर्व सरपंच रूपसिंह मरकाम, एवं ग्रामीणों ने बताया कि हर पांच वर्ष मे इस क्षेत्र के हजारों आदिवासी ग्रामीण इस उम्मीद के साथ विधानसभा और लोकसभा मे मतदान करने पहुंचते है कि जनता के चुने हुए प्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद इस क्षेत्र की समस्या को सदन में रखकर समस्या का समाधान करेंगें ग्रामीणों ने बताया पिछले 20 वर्षो से इस क्षेत्र के कोई भी गांव मे सांसद विधायक चुनाव जीतने के बाद एक बार भी दौरा करने नहीं पहुंचे है जबकि क्षेत्र के ग्रामीण हर बार सांसद विधायक से मुलाकात कर उन्हे क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्या समाधान करने की मांग करते है। और उन्हें गांव तक आने निमंत्रण पत्र भी देते हैं संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण कोई भी सांसद विधायक अब तक इस क्षेत्र के गांव में नहीं पहुंचे हैं ग्रामीणों का मानना है जब तक सांसद विधायक क्षेत्र के दौरे पर नहीं पहुंचेंगे तब तक इस क्षेत्र की समस्या की समाधान नहीं हो पाएगी।

---

## जिले में शीतलहर से बचाव के लिए कार्ययोजना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा 2025-26 शीतलहर सीजन में जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न विभागों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर बीएस उइके ने सर्वसंबंधित विभाग के अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर कहा है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशों के आधार पर स्थानीय शीतलहर कार्ययोजना तैयार की जाएं। इस संबंध में जिला और तहसील स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करें। इसके अलावा जनजागरूकता कार्यक्रमों कर सावधानियों शीत लहर के बचाव के लिए प्रचार-प्रसार करें। मौसम विज्ञान केन्द्र रायपुर द्वारा जारी शीतलहर चेतावनी, तापमान और स्थानवार मौसम रिपोर्ट को सभी संबंधित विभागों की जानकारी सुनिश्चित करें। नगरीय निकाय आश्रय, रैन-बसेरों का संचालन सुनिश्चित करें, जिसमें बिजली, पानी, भोजन जैसी आवश्यक सुविधाएँ हों। बेघर और प्रभावित व्यक्तियों को चिन्हित कर आश्रय गृहों में स्थानांतरित करें। प्राथमिक उपचार की व्यवस्था, फर्स्ट-एड बॉक्स और आवश्यक निर्देश प्रदर्शित किए जाए। अलाव की व्यवस्था भी स्थानीय स्तर पर की जाए। स्कूल शिक्षा विभाग मौसम चेतावनी के अनुसार स्कूलों के समय में परिवर्तन किया जा सकता है। कक्षाओं को गर्म रखने, फर्स्ट-एड बॉक्स उपलब्ध कराने और अस्पताल/आपात सेवा के नंबर प्रदर्शित करने की व्यवस्था की जाए। विद्यार्थियों को आवश्यक निर्देश दिए जाए। अस्पतालों के बाहर शीतलहर से बचाव संबंधी सुझाव प्रदर्शित करें। दवाइयों का पर्याप्त भंडारण तथा गंभीर मरीजों हेतु पृथक वार्ड भी बनाकर रखें। बच्चों, महिलाओं, दिव्यांग एवं वृद्धों की विशेष देखभाल के निर्देश दिए गए हैं।



---

**विधायक ने किया स्कूली बच्चों से संवाद, झूला, वाटर आरओ की दी सौगात**

## प्राथमिक शिक्षा स्वर्णिम भविष्य की नींव : इंद्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

वार्ड क्रमांक 2 स्थित प्राथमिक स्कूल के बच्चों के लिए गुरुवार का दिन खास एवं यादगार रहा। इस दिन अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू बच्चो संग संवाद एवं सौगात देने पहुंचे थे। ठंडी के मौसम में गुनगुनी धूप का आनंद लेते हुए विधायक बच्चो संग स्कूल के खुले परिसर में चौपाल लगाई एवं उनसे बाते की। विधायक को अपने बीच पाकर बच्चे काफी उत्साहित एवं खुश थे। विधायक साहू ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने, अपने गुरुजनों का आदर एवं सम्मान करने एवं माता पिता की



सेवा का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में बच्चों के बीच पहुंचकर बचपन की यादें ताजा हो गई है। प्राथमिक स्कूल शिक्षा एवं साथ संस्कार सीखने का मंदिर है। जो स्वर्णिम भविष्य की नींव तैयार करती है। अपने स्कूल की सुनहरी यादें हमेशा शुकून एवं रोमांचित करती है। नगर पालिका अध्यक्ष निधि से निर्मित झूला एवं वाटर आर का शुभारंभ विधायक इंद्रकुमार साहू, नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, वार्ड पार्षद राम रतन निषाद के हाथों से किया गया। अतिथियों ने बच्चों को नवनिर्मित झूले पर बच्चों को झुलाकर झूले का शुभारंभ किया। सदर रोड स्थित बढई पारा स्कूल में बच्चों के स्वच्छ एवं शीतल पेयजल के लिए अध्यक्ष निधि से वाटर आर ओ का शुभारंभ भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में उक्त अवसर पर पालिका सभापति सचिन सचदेव सहदेव कंसारी, पूजा कंसारी, जग्गू यादव निर्मला धीरज साहू केकती सोनवानी, पार्षद नम्मू नारायण ध्रुव, लोमेश्वरी साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता परदेशी राम साहू, सिंटू सौरभ जैन, चेतन साहू, धनमती साहू, साधना सौरज, मुकुंद मेश्राम एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

---

## बढ़ती ठंड से आसमान छू रहे सब्जियों के दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ठंड का मौसम अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। लेकिन ठंड में भी सब्जियों के भाव सुनकर लोगों के पसीने छूट रहे हैं। भाजियों के दाम भी आसमान छू रहे हैं। जो मूली दस रूपए झूरी में बिकता है वो अभी 40 रूपए किलो मे बिक रहा है। रसेला अंचल के साप्ताहिक बाजार कुडेरादादर, सुरगपानी, हिराबतर, कोठीगाव, कनसिघी,लीटीपारा, पीपरछेडी में इन दिनों सब्जी के भाव सुनकर ही लोगों के पसीने छूट जा रहें हैं। बढ़े हुए भाव से लोग परेशान हैं। भावों ने लोगों को सब्जियों से दूर कर दिया है, इन दिनों हर जगह सप्ताहिक बाजारों में कोई भी ऐसी सब्जी नहीं है जिसके 20 रुपए किलो बिक रहा हो, वहीं गोभी 100 रुपए, करेला 80, बरबट्टी 50 , भिंडी 60,सेमी 100



रुपए प्रति किलो बिक रही है। जो टमाटर 5 से 10 रूपए किलो मे बिकने वाला आज आसमान छू रहा है। टमाटर जो आमतौर पर घर की रसोई का नियमित हिस्सा होता है वह इन दिनों 50 से 60 रूपए प्रति किलो तक पहुंच गया है। यही नहीं सर्दियों के दिनों में अक्सर भांजियों के भाव गिर जाते हैं लेकिन नवंबर माह आधा महीने बीत चुका लेकिन भांजियों के भाव आसमान छू रहे हैं। वहीं प्याज़ भाजी प्रति किलो 50 से 60 रू दर से बिक रही है। इस तरह से सब्जियों के बढ़े भाव के कारण लोग सब्जियां खरीदना कम कर दिये है। हरा सब्जी और चिकन का भाव एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ मची हुई है। सर्दियों की परंपरागत थाली अब आम उपभोक्ता के लिए विलासिता जैसी बन रही है।

## खबर संक्षेप



### राजिम के गौरव ने सीजी पीएससी परीक्षा में 47वां रैंक हासिल कर बढ़ाया मान

**राजिम।** राजिम के होनहार युवा गौरव सोनी ने छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग सीजी पीएससी की परीक्षा में 47वां रैंक हासिल कर राजिम शहर एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से परिवार, मित्रों और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। गौरव के पिता गंगाधर सोनी और माता शोभा सोनी ने बेटे की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए इसे परिवार के लिए अविस्मरणीय क्षण बताया। उनके मित्र पंडित विकास मिश्रा, भारत भूषण, सचिन सोनी, राहुल साहू, तरुण जैन और नागेन्द्र निषाद ने गौरव को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, समर्पण और निरंतर अध्ययन का यह परिणाम है। सभी ने आशा व्यक्त किया कि गौरव आगे भी राज्य व समाज की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। गौरव सोनी की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में प्रसन्नता की लहर है और लोग उन्हें शुभकामनाएँ दे रहे हैं।

### रामनारायण बिजली स्कूल के प्राचार्य बने

**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ रायपुर संभाग के अध्यक्ष एवं मिडिल स्कूल भैसातरा के प्रधानपाठक रामनारायण मिश्रा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली के प्राचार्य पद पर पदोन्नत हुए हैं प्राचार्य बनने पर उनके अनेक मित्रों और शुभचिंतको ने शुभकामनाएं दिए हैं। जिनमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संरक्षक ओंकार ठाकुर, प्रांतीयअध्यक्ष संजय ठाकुर, सचिव आत्माराम साहू, अवध वर्मा ,राजेंद्र नाग, सुनील नायक, मुरारी देवांगन,अशोक मिश्रा रूपलाल साहू, नेमुरम साहू, पुरुषोत्तम साहू, बलराम साहू, रूपनारायण साहू, विवेक शर्मा, सागर शर्मा, ओंकार शर्मा, योगेश्वरपुरी गोस्वामी ने शुभकामनाएं दी है।

### भाला फेंक स्पर्धा में राधिका को मिला पदक

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको की प्रतिभाशाली छात्रा राधिका पटेल ने सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के भाला फेंक में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल की है। यह प्रतियोगिता एमबीपीजी के तत्वावधान में में 15 नवंबर को वन विभाग मैदान में आयोजित की गई थी, जिसमें महासमुंद परिक्षेत्र के 10 से अधिक महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। राधिका पटेल के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है, जो 5 से 7 दिसंबर को बिलासपुर में आयोजित होगी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या एचएल दीवान, तरूण कुमार ध्रुव सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, लता भोई सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र, मनहरण ठाकुर सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी, एमएस वर्मा सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान ने हर्ष जताया है।

## कार्रवाई : अन्तर्राज्यी चेक पोस्ट में तेजी से जांच अभियान जारी

# धान तस्करी पर पुलिस का करारा वार, मैनपुर व देवभोग क्षेत्र में 15 दिनों में 12 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा ओड़िसा सीमा से लगा हुआ है और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होते ही यह धान की तस्करी करने वालो के द्वारा अनेक प्रकार के हथकंडे अपनाए जाते है लेकिन मैनपुर एसडीएम एवं देवभोग पुलिस ने इस बार धान माफियों पर करारा वार किया है जिससे हड़कंप मचा हुआ है 15 दिनो के भीतर 12 चार पहिए वाहन को जब्त किया गया है और तो और इस धान के खेल में एक जनपद सदस्य के मनसुबे पर पानी फेरा गया है और बड़ी कार्यवाही की गई है जिसके चलते धान के तस्करो में हड़कंप मचा हुआ है लगभग सभी अन्तर्राज्यी चेक पोस्ट में अब तेजी से जांच अभियान चल रहा है लेकिन धान तस्कर नए-नए रास्ते की तलाश और हत्कंडे अपना रहे है।

मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीगर राज्य से आने वाले धान के परिवहन की रोकथाम हेतु बार्डर के चेक पोस्ट में तैनात बल द्वारा गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष दिशा–निर्देश जारी किया गया था। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्यों पर धान खरीदी केवल पंजीकृत किसानों को निर्धारित धान खरीदी केंद्रों में किये जाने के लिए प्रावधान है। चेक पोस्ट के माध्यम से तैनात पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। दिनांक 21 नवंबर को मुखबीर द्वारा थाना देवभोग को सूचना मिला की उड़िशा प्रांत से अवैध रूप से धान बिक्री के लिए परिवहन कर रहा है। जिसकी सूचना तस्दीक पर थाना से पुलिस स्टाफ रवाना कर चेक पोस्ट में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था। चेकिंग के दौरान 68 कट्टा अवैध धान परिवहन करते बोलेरो क्रमांक सीजी 23 एल 2164 को थाना देवभोग के द्वारा जब्त किया गया।

इसी प्रकार विगत 15 दिनों से विशेष अभियान चलाकर थाना देवभोग एवं थाना अमलीदर के द्वारा धान के अवैध परिवहन एवं बिक्री करते अलग-अलग कुल 12 प्रकरणों में 652 कट्टा अवैध परिवहन एवं बिक्री करते हुए पकड़ा गया। धान के परिवहन एवं बिक्री करने के संबंध में वैध कागजात मांगने पर किसी भी प्रकार का कागजात पेश नही करने पर अवैध धान परिवहन के संबंध में विगत 15 दिनों में कार्यवाही कर संबंधित विभाग को सुपुर्द किया गया।





### विगत 15 दिनों में जब्त वाहनों की सूची

01) बोलेरो पीकअप क्रमांक सीजी 04 पीएम 4713
02) बोलेरो पीकअप क्रमांक सीजी 04 जेबी 2167
03) बोलेरो पीकअप क्रमांक सीजी 23 जे 7136
04) बोलेरो पीकअप क्रमांक ओडी 24 के 1584
05) बोलेरो पीकअप क्रमांक सीजी 25 4232
06) बोलेरो पीकअप क्रमांक ओआर 21 डी 6055
07) बोलेरो पीकअप क्रमांक सीजी 04 जेबी 2505
08) बोलेरो पीकअप क्रमांक सीजी 07 एव्ही 4930
09) बोलेरो पीकअप क्रमांक सीजी 18 एम 0736
10) बोलेरो पीकअप क्रमांक ओडी 24 एल 4514
11) बोलेरो पीकअप क्रमांक सीजी 23 एल 2164
12) ट्रेक्टर अज्ञात

## सोरिद खुर्द में धान खरीदी का शुभारंभ, किसानों को टोकन से बेचने की अपील



**मुड़ागांव(कोरासी)।** विगत दिवस कृषि साखा सहकारी समिति सोरिद खुर्द में धान खरीदी की प्रक्रिया मंगलवार से प्रारंभ हुआ जिसमें धान खरीदी केंद्र में सभी बेवस्था चुस्त दुरुस्त करने निर्देश मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने बीएलओ ओमप्रकाश यदु को व्यवस्थित ठीक करने को कहा जिससे किसी भी किसानो को कोई परेशानी नहीं होना चाहिए। राज्य सरकार ने धान खरीदी करने का लक्ष्य रखा है उसे समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। सभी किसानों से अपिल करते हुए कहा की टोकन के माध्यम से धान बेचना शुरू करें। धान खरीदी केंद्र में चाक चौबंद व्यवस्था पूरा करें। पूरे परिसर को साफ- सुथरा करने बिजली की पयाप्त व्यवस्था किया जाए। किसानों के लिए पीने के लिए पानी व्यवस्था और सभी प्रकार के जो खरीदी केंद्र में लगता है उसे तत्काल ठीक करने को कहा। इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से धान लिया जाएगा। धान खरीदी केंद्र में प्रबंधक एवं स्थाई कंप्यूटर आपरेटर खरीदी केंद्र व्यवस्था किया गया है। धान खरीदी शुभारंभ में मुख्य रूप से खडमा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, महामंत्री पालेन्द्र साहू, सोरिद सरंपच चन्द्र हास, बरिहा मंडी बीएलओ ओमप्रकाश यदु, सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी हीरा ठाकुर, सेवक राम कंवर, अमेठी मानिक राम साहू, सखा राम मरकाम, सेवक दीवान, और मंडी में मौजूद किसान सभी ने विधिवत पूजा -अर्चना कर शुभारंभ किया गया।

## जैविक खेती पर प्रशिक्षण और गौधाम गठन पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर बी एस उइके की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय गौधाम समिति, पशु कल्याण समिति एवं पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर ने विगत बैठकों में गौधामों के गठन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। साथ ही जिले में संचालित पंजीकृत गौशालाओं के पर्यवेक्षण से संबंधित कार्यों का संपादन शासन के निर्देशानुसार करने, गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने के अलावा जिला स्तरीय समिति जिला स्तर पर गौशाला प्रतिनिधियों कृषकों को जैविक खेती के महत्व के बारे में जानकारी देने, जैविक खाद उत्पादन तथा पंचगव्य उत्पादन के संबंध में प्रशिक्षण आयोजन करने एवं गौशाला पंजीयन के आवेदन पत्र विकासखण्ड समिति की अनुशंसा के साथ जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत कर छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग से गौशालाओं का पंजीयन कराने संबंधी निर्देश दिये थे। इस संबंध में पशु चिकित्सा एवं सेवाएं के उपसंचालक डॉ. ओपी तिवारी ने बताया कि जिले में संचालित शहरी क्षेत्रों में स्थित अधोसंरचना युक्त गौठान, स्थान को गौधाम स्थापना के लिए जिला स्तरीय गौधाम समिति अपनी अनुशंसा कर प्रस्ताव छग गौसेवा आयोग को भेजा गया है। जिला स्तरीय पशु कल्याण समिति के शासी सभा की बैठक हुई जिसमें सर्व सम्मति से पशुओं में गर्भ परीक्षण कार्य, गर्भाशय में दवाई डालना एवं गर्भाशय को अन्दर करना (प्रोलेप्स ऑफ युटेरस) पशु चिकित्सा संबंधी कार्य पूर्व अनुशंसित दर में करने का प्रस्ताव पारित किया गया। जिला पशु कल्याण समिति में जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें समिति सदस्यों द्वारा पंजीकृत पशु व्यापारियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।



## मासिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय एवं शिक्षक सम्मानित

**फिंगेश्वर।** जिला मिशन समन्वयक शिवेश कुमार शुक्ला द्वारा शुक्रवार को कक्षा 10वीं एवं 12वीं की मासिक परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिले के प्रमुख विद्यालयों को सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यालयों में शासकीय हाई स्कूल बासीन, शासकीय हाई स्कूल बिंद्रानवागढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेंदुकरा तथा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजिम शामिल रहे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य एवं नियमित प्रगति के आधार पर चयनित शिक्षकों को माह के श्रेष्ठ प्रदर्शनकर्ता सम्मान से भी पुरस्कृत किया गया।सम्मानित शिक्षकों में ओमेश्वरी साहू (प्राथमिक शाला आसरा), गेसुलता साहू (माध्यमिक शाला बिरीघाट), ईश्वरी सिन्हा (प्राथमिक शाला मगरोड़ा) तथा ममता तिवारी (प्राथमिक आश्रम कन्या पंटोरा) शामिल हैं। सम्मान समारोह के दौरान मनोज केला, विल्सन थॉमस, शुभम पटेल व विनोबा टीम की उपस्थिति रही।

## आईएसबीएम विश्वविद्यालय के छात्रों का देवभोग डेयरी प्लांट में औद्योगिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



आईएसबीएम विश्वविद्यालय, छुरा के फैकल्टी ऑफ़ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेज़ द्वारा नेशनल फार्मेसी वीक के अवसर पर 21 नवंबर 2025 को छात्रों का देवभोग डेयरी प्लांट कुम्हारी (दुग्ध उत्पादक इकाई) में शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी भोल द्वारा हरी झंडी दिखाकर औद्योगिक भ्रमण दल को रवाना करने के साथ की गई। जिसमें विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी निदेशक डॉ. एन कुमार स्वामी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. सुभाषिश बिश्वास एवं सभी प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को दुग्ध उत्पादन, पाश्चरीकरण प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग तकनीक एवं खाद्य सुरक्षा मानकों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। सहायक प्राध्यापक अश्वनी कुमार साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दूध संग्रह से लेकर प्रोसेसिंग, स्टेरिलाइज़ेशन, टेस्टिंग, पैकिंग तक की सभी प्रक्रियाएं विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत रूप से छात्रों को समझाई गईं। इससे बच्चों में वैज्ञानिक सोच का विकास होगा ।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डां. ओमप्रकाश साहू ने कहा कि ऐसे औद्योगिक दौरों से विद्यार्थियों को वास्तविक उद्योग व प्रयोगात्मक ज्ञान का अनुभव मिलता है, जिससे उनके करियर विकास में महत्वपूर्ण लाभ होता है। छात्रों ने इस भ्रमण को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रमुखत रूप से फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, डॉ. ओमप्रकाश साहू, प्रतिभा जायसवाल, डॉली यदु, विकास कुमार साहू, सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ. एनके स्वामी सभी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दिया गया एवं आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाएगा।

## दो कदम प्रकृति की ओर समिति का अभियान महासमुंद से गरियाबंद तक गौरैया बसेरा पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

दो कदम प्रकृति की ओर समिति जिला महासमुन्द आमाकोनी कमल दीवान एवं सयोगी साथीयों द्वारा गांव गांव में जाकर गौरैया बसेरा लगाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें गरियाबंद जिले के संबलपुर एवं छुरा विकास खण्ड के ग्राम कोरासी निवासी तेजराम ध्रुव के घर से शुभारंभ किया और पूरे गांव में जगह -जगह बसेरा लगाया गया जिसमें गौरैया पक्षी उस घोंसला में बसेरा करने लगा है। जिसको देखते हुए ग्राम खड़मा निवासी मास्टर एथलेटिक्स राष्ट्रीय स्तर गोल्ड मेडल जीतने वाले शिक्षक जागेश्वर राम ध्रुव, पत्नी विमला ध्रुव ने हर ग्राम गौरैया-ग्राम अभियान में सहयोग कर हमारे टीम-दो कदम प्रकृति की ओर, हमारा मुख्य कार्य पेड़ पक्षी जल और गौ संरक्षण है। गौरैया पक्षियों को हो रही आवासीय संकट को दूर करने के लिए हमने मिट्टी का बना बसेरा (घोसला) हर घर लगाने का योजना में शामिल होकर अपने घर आंगन के दीवारों पर मिट्टी से बना बसेरा लगाया और गौरैया पक्षियों को आवासीय उपलब्ध कराया। जिसमे आपके सहयोग से ही हम अपना लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं। और ग्रामीणों को भी प्रेरित कर निवेदन की कुछ सहयोग इन पक्षियों का घर बसाने के लिए कीजिए।



## देहारगुड़ा स्कूल के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण लघु उद्योगों का किया प्रत्यक्ष अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देहारगुड़ा के कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों को आज शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत लघु उद्योगों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्थानीय उद्योगों की कार्यप्रणाली, पारंपरिक शिल्पकला और रोजगार के अवसरों से परिचित कराना था। यह संपूर्ण भ्रमण प्रधान पाठक चित्रसेन पटेल के मार्गदर्शन तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्य देवन सिंह नेताम के सहयोग से संपन्न हुआ। भ्रमण का पहला पड़ाव मिट्टी के बर्तन निर्माण केंद्र रहा, जहाँ कुम्हार परिवार ने विद्यार्थियों को कच्ची मिट्टी की तैयारी से लेकर चाक पर बर्तन गढ़ने, उन्हें सुखाने और भट्ठे में पकाने तक की पूरी



प्रक्रिया विस्तार से समझाई। विद्यार्थियों ने स्वयं भी चाक पर हाथ आजमाकर पारंपरिक कुम्हारकला का प्रत्यक्ष अनुभव लिया। इसके बाद विद्यार्थियों को सूती वस्त्र निर्माण इकाई ले जाया गया। यहाँ उन्होंने सूत कातने, करघे पर कपड़ा बुनने, रंगाई और छपाई की तकनीकों का अवलोकन किया। प्रशिक्षकों ने बताया कि हाथकरघा आधारित सूती वस्त्र ग्रामीण आजीविका का महत्वपूर्ण आधार हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हैं। प्रधान पाठक चित्रसेन पटेल ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाते हैं और उन्हें पुस्तकीय शिक्षा से परे वास्तविक जीवन कौशल से जोड़ते हैं। वहीं समिति सदस्य देवन सिंह नेताम ने कहा कि स्थानीय उद्योगों से परिचय बच्चों में आत्मनिर्भरता और कौशल विकास की भावना को प्रोत्साहित करता है। विद्याथएँ पूरे भ्रमण के दौरान उत्साहित रहे और उन्होंने अनेक जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछकर अपनी सीखने की रुचि प्रदर्शित की। विद्यालय प्रबंधन ने आगे भी इस प्रकार के उपयोगी और ज्ञानवर्धक भ्रमण आयोजित करने की बात कही।

## मैनपुर स्कूल में बाल मेला में बच्चों के साथ पालक और नगरवासी हुए शामिल

# बच्चों ने लगाए व्यंजनों के स्टॉल, मिली आत्मनिर्भरता और व्यवसाय की सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय प्राथमिक शाला के संयुक्त तत्वधान में आज बालमेला का आयोजन किया बाल मेला में बच्चों ने अपने अनेक प्रकार के व्यंजनो के स्टाल लगाए और मेले का आनंद लिया इस बालमेला में बच्चो के साथ पालक व नगर के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत मैनपुर के सरपंच हनिता नायक, पूर्व सरपंच एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरीता ठाकुर, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, प्राचार्य अख्तर खान ने विधिवत द्वीप प्रज्वलन कर किया।

इस दौरान मैनपुर के सरपंच हनिता नायक ने कहा यह बाल मेला बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ आत्मनिर्भय एवं बच्चों को व्यवसाय का तरीका सिखाने में महत्वपूर्ण सबित होगा उन्होने इस सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी। अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने बच्चों के उत्साह वर्धन करते हुए कहा िनि"चत रूप से इस तरह के कार्यक्रम आयोजन से हमारे बच्चों को बहुत कुछ सिखने को मिलता है आज बच्चों ने बालमेला का आयोजन कर इसमें सभी नगर के लोग भाग लिए यह अपने आप में एक मिशाल है। प्राथमिक, हाई स्कूल के छात्र छात्रओं के द्वारा बाल मेला का आयोजन कर अनेक प्रकार के व्यंजनों का दुकान लगाया गया इस बाल मेला में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा इटली, डोसा, चौउमिन, पास्ता, समोसा, कचोरी, दही बड़ा भेलपुरी, चाय काफी आइसक्रीम सहित अनेक जायकेदार व्यंजन सजाए गए थे। जहां छात्र-छात्राओं एवं पालकों सहित शिक्षकों ने भरपूर आनंद लिया और बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय नगरवासी, ग्रामीण पालक , छात्राएं कार्यक्रम में शामिल हुए।



### जीवन में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है



संस्था के प्राचार्य अख्तर खान ने कहा की बच्चों के द्वारा रचनात्मक कार्य को बढ़ावा देने के लिए यह मेला का आयोजन किया गया बच्चे और पालक शामिल हुए जो हमारे लिए खुशी के बात है। उन्होने बच्चों को पढ़ाई लिखाई में ज्यादा जोर देते हुए कहा शिक्षा बहुत जरूरी है। इस मौके पर प्रमुख रूप से अनिश फातिमा, सीमा ठाकुर, मेनका कांशी, कंचन रामटेके, सरोज सेन, दीप्ती साहू, हरिश कुमार साहू, दिनेश कुमार यादव, शेखर कश्यप, शांति राजपूत, लोकेश्वर राव भोसले, संतोषी कश्यप, पुनेश्वर साहू, निर्माणी पुजारी, हेमान्या देवदास, चेतना यादव, सरस्वती, चांदनी नागेश, निहारिका दंन्ता, भारती, यशिका नेगी, सुमन, संध्या एवं स्थानीय नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

